दिन– बुधवार दिनांक– 04/11/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.47 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– प्रदेश में औद्योगिक विकास और निवेश को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र से हर सम्भव सहायता मिल रही है।

02. राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने हड़ताल कर रहे अमीनों के खिलाफ की कड़ी कार्रवाई। तत्काल प्रभाव से पद मुक्त करने का दिया निर्देश।

03. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– दीपावली और छठ महापर्व के दौरान विशेष ट्रेने पन्द्रह हजार फेरे लगायेंगी।

04. और, पटना में आयोजित राष्ट्रीय जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता में मेजबान बिहार क्वार्टर फाईनल में पहुंचा।

———————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि प्रदेश में औद्योगिक विकास और निवेश को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र से हर सम्भव सहयोग मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ महत्वपूर्ण बैठक में राज्य के औद्योगिक विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में गया में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर के विकास, निवेशकों को प्रोत्साहन देने और निर्यात बढ़ाने पर चर्चा हुई है। इसके अलावा, चाय बोर्ड में बिहार की भागीदारी, राज्य में वाणिज्य मंत्रालय का एकीकृत कार्यालय खोलने और सौ मेगावाट क्षमता वाले डेटा सेंटर की स्थापना के मुद्दे पर भी बातचीत हुई। बैठक का उद्देश्य राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को गति देने के साथ निवेश और रोजगार के नए अवसर सृजित करना है। मुख्यमंत्री ने अपने दिल्ली दौर के दौरान राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने वाली महत्वपूर्ण परियोजनाओं को लेकर केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से भी मुलाकात की।

———————————————————

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने हड़ताल पर गए अमीनों को तत्काल प्रभाव से मुक्त करने का निर्देश दिया है। विभाग के अपर सचिव अमित कुमार पाण्डेय ने बताया कि चौबीस घंटे की समय–सीमा के बाद हड़ताल समाप्त नहीं करने पर यह कार्रवाई की गयी है। उन्होंने बताया कि अमीनों की ई–मापी पोर्टल आईडी भी निष्क्रिय की जाएगी। इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किया गया है। साथ ही अंचल अधिकारियों को प्रतिनियुक्त विशेष सर्वे अमीनों की आईडी सक्रिय करने और

अगले चौबीस घंटे में कार्रवाई की रिपोर्ट देने को कहा गया है। हड़ताल में शामिल नहीं होने वाले अमीन पूर्ववत काम करते रहेंगे।

———————————————————————

केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय आज नई दिल्ली में वयो सम्मान राष्ट्रीय अभियान का शुभारंभ करेगा। इसका उद्देश्य पीढ़ियों के बीच आपसी जुड़ाव को मजबूत करना और ऐसे समाज को बढ़ावा देना है, जो वरिष्ठ नागरिकों के अनुभव, समझदारी और योगदान का सम्मान करता हो। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार इस अभियान का औपचारिक शुभारंभ करेंगे। इसका लक्ष्य वरिष्ठ नागरिकों और युवा पीढ़ी के बीच सार्थक और निरंतर जुड़ाव को संस्थागत रूप देना है।

———————————————————————

लोक लेखा समितियों के अध्यक्षों का राष्ट्रीय सम्मेलन आज तिरुवनंतपुरम में संपन्न होगा। ब्यौरा हमारे संवाददाता से।

———रिपोर्ट———

———————————————————————

फरक्का जल संधि पर जदयू की ओर से भागलपुर में नीतीश संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा ने अपने संबोधन में कहा कि फरक्का जल संधि में अब बिहार के हितों की अनदेखी बर्दास्त नहीं की जायेगी। श्री झा ने कहा कि आगामी बारह दिसम्बर को फरक्का जल संधि समाप्त हो रही है। ऐसे में बांग्लादेश के साथ होने वाली किसी भी नई व्यवस्था में बिहार की पेय जल, सिंचाई और औद्योगिक जरूरतों का वैज्ञानिक आकलन करान अनिवार्य है। बैठक को प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार और स्थानीय सांसद अजय कुमार मंडल सहित कई नेताओं ने संबोधित किया।

———————————————————————

श्रम संसाधन और प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग ने न्यूनतम दैनिक मजदूरी दर में सात से दस रूपये तक की बढ़ोतरी की है। नई दरें एक अक्टूबर से प्रभावी हो गयी है। अधिसूचना के अनुसार प्रदेश के साढ़े तीन करोड़ से अधिक असंगठित और संगठित क्षेत्रों के कामगारों को लाभ मिलेगा।

———————————————————————

स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश में एक सौ पैंतीस प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को तीस बेड वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में उत्क्रतिम कर दिया है। अब ग्रामीण क्षेत्रों में मरीजों को अपने घर के पास ही बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिलेगी। इन अस्पतालों में

विशेषज्ञ डॉक्टरों की भी तैनाती की जायेगी। सरकार की सात निश्चय–तीन योजना के तहत इन सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को विशिष्ट चिकित्सा केन्द्र के रूप में विकसित किया जायेगा।

———————————————————

राज्य में स्वास्थ्य विभाग में ग्यारह हजार पदों पर बहाली होगी। राज्य स्वास्थ्य समिति की ओर से इन पदों के लिए इस महीने अलग–अलग विज्ञापन जारी किये जायेंगे। समिति के कार्यपालक निदेशक नवल किशोर चौधरी ने बताया कि नई बहाली में स्टाफ, नर्स, लैब टेक्नीशियन और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी पदों पर बहाली की जायेगी।

———————————————————

चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के दौरान जारी ड्राफ्ट मतदाता सूची में नाम नहीं होने पर पहले से मतदाता रहे लोग भी फॉर्म–छह के जरिए नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। आयोग ने कहा है कि केवल दोबारा आवेदन करने के आधार पर संबंधित मतदाता के खिलाफ जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा इकतीस के तहत कार्रवाई नहीं की जाएगी। ऐसे आवेदकों को पहली बार मतदाता बनने वाला व्यक्ति भी नहीं माना जाएगा। आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को इस स्पष्टीकरण का व्यापक प्रचार–प्रसार करने का निर्देश दिया है।

———————————————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि बिहार में दीपावली और छठ महापर्व के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुये इस वर्ष विशेष ट्रेनों के लिए पन्द्रह हजार फेरे की व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा श्री गुरुगोविंद सिंह जी महाराज के तीन सौ साठवें प्रकाश पर्व को ध्यान में रखते हुये नौ से सोलह जनवरी के बीच बिहार के लिए अतिरिक्त ट्रेने चलायी जायेगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कल नई दिल्ली में रेल मंत्री श्री वैष्णव से मुलाकात के दौरान विशेष ट्रेन चलाने और कई परियोजनाओं को लेकर पहल करने का आग्रह किया था। इस दौरान मुख्यमंत्री की ओर से सीतामढ़ी–अयोध्या के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने के प्रस्ताव पर भी रेल मंत्री ने सहमति जतायी है। वहीं, केन्द्र ने विक्रमशीला–कटरिया रेललाईन के अन्तर्गत गंगा नदी पर रेल सह सड़क पुल के निर्माण को मंजूरी दी है।

———————————————————

राज्यपाल लेफ्टिनेट जनरल सेवानिवृत्त सैयद अता सहनैन ने कहा है कि प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में रात दस बजे तक लाईब्रेरी खुली रहेगी। राज्यपाल ने

मुजफ्फरपुर में बीएड कॉलेज के नये बने सेमिनार हॉल और गेस्ट हाउस के उद्घाटन समारोह में यह घोषणा की। राज्यपाल ने विकसित भारत और समृद्ध बिहार बनाने के लिए उच्च शिक्षा पर विशेष बल देते हुये कहा कि भारत दो हजार सैंतालीस में विकसित तभी बनेगा जब बिहार विकसित होगा। उन्होंने विश्वविद्यालय और कॉलेजों में कम्प्यूटर सेंटर खोलने पर भी जोर दिया।

———————————————————

मद्य निषेध उत्पाद और निबंधन विभाग की ओर से नशामुक्त बिहार ड्रग, फ्री बिहार थीम पर छह दिसम्बर को पटना में मैराथन दौड़ का आयोजन किया जायेगा। इस मैराथन दौर को चार श्रेणी में बांटा गया है। गांधी मैदान से शुरू होकर जे.पी. गंगा पथ और अटल पथ होते हुये दौड़ वापस गांधी मैदान में समाप्त होगी। विजेताओं को पैंतीस लाख रूपये की पुरस्कार राशि दी जायेगी। इच्छुक प्रतिभागी विभाग की वेबसाईट पर जाकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

———————————————————

और अब खबरें खेल जगत से.....

पटना में आयोजित बावनवी राष्ट्रीय जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता में मेजबान बिहार ने हिमाचल प्रदेश को उनचास–उनतालीस अंकों के अंतर से पराजित कर क्वार्टर फाईनल में प्रवेश किया है। वहीं, साईं, विदर्भ, हरियाणा, राजस्थान और चंडीगढ़ की टीमों ने भी क्वार्टर फाईनल में जगह बना ली है।

गोवा में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ने मुकाबले में गोवा के खिलाफ बिहार टीम पर पारी से हार का खतरा उत्पन्न हो गया है। गोवा ने पहली पारी में तीन सौ संतानवे रन बनाये, जिसके जवाब में बिहार की टीम पहली पारी में एक सौ सात रन पर ही ऑलआउट हो गयी। इसके बाद बिहार को फॉलोऑन खेलना पड़ा। दूसरी पारी में बिहार ने तीन विकेट पर अड़तालीस रन बनाये हैं।

ऑकलैंड के ईडन पार्क में आज भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की क्रिकेट श्रृंखला का पहला एकदिवसीय मैच खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समय के अनुसार सुबह साढ़े सात बजे शुरू होगा। भारत, न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी–ट्वेंटी श्रंखला तीन–दो से पहले ही जीत चुका है।

———————————————————

सीतामढ़ी के पुलिस अधीक्षक ने कर्तव्य में लापरवाही के आरोप में गाढ़ा थानाध्यक्ष सोनी कुमारी को निलंबित कर दिया है। जबकि पुपरी थाना प्रभारी रामाशंकर प्रसाद के खिलाफ कर्तव्य में लापरवाही बरतने को लेकर निलंबन की कार्रवाई की अनुशंसा की है।

———————————————————————————

वैशाली के हाजीपुर में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने नव निर्मित प्रमंडलीय कार्यालय भवन और पांच सौ चापाकलों का उद्घाटन किया।

———————————————————————————

सारण जिला मुख्यालय छपरा के राजेंद्र स्टेडियम में एक दिवसीय जिला स्तरीय नियोजन सह मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया गया।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.....

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– नदियों की गाद से बिहार में बनेंगे राजमार्ग, राज्य सरकार और सड़क निर्माण एव राजमार्ग मंत्रालय के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर।

दैनिक जागरण ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है– विरोध प्रदर्शन स्थल पर हमेशा के लिए कब्जा नहीं किया जा सकता।

दैनिक भास्कर ने गैस कनेक्शन से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– तीस लाख परिवारों ने नहीं कराया गैस कनेक्शन चालू, अब रद्द होंगे।

प्रभात खबर का शीर्षक है–डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड जोड़ने में पटना अव्वल।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– सीतामढ़ी से अयोध्या तक चलेगी वंदे भारत ट्रेन।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.....

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– प्रदेश में औद्योगिक विकास और निवेश को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र से हर सम्भव सहायता मिल रही है।

02. राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने हड़ताल कर रहे अमीनों के खिलाफ की कड़ी कार्रवाई। तत्काल प्रभाव से पद मुक्त करने का दिया निर्देश।

03. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– दीपावली और छठ महापर्व के दौरान विशेष ट्रेने पन्द्रह हजार फेरे लगायेंगी।

04. और, पटना में आयोजित राष्ट्रीय जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता में मेजबान बिहार क्वार्टर फाईनल में पहुंचा।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।